राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

राजस्थान सरकार

RSCERT उदयपुर

हवामहल

बच्चों का झरोखा

02 मार्च 2024 । शनिवार । वर्ष : 4 । अंक : 201

आज की कविता

चल मेरे घोड़े

3 + वर्ष के बच्चों के लिए | Infobells

मुन्ना के पास एक घोड़ा है। घोड़ा भी कोई ऐसा वैसा नहीं, लकड़ी का घोड़ा है। वही लकड़ी का घोडा जिसकी दुम पर हथोड़ा मारने पर वह सरपट दौड़ता है। घोड़े को साध पाना सबके बस की बात नहीं। देखते हैं मुन्ना कैसे उसकी सवारी कर पाता है। विडिओ देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

आज की कहानी

चीनू का उपहार

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | BookBox

क्लास में चीनू का मन नहीं लग रहा, उसे छुट्टी का इंतजार है। उसके पिताजी रोज घर लौटते समय अपने ठेले में चीनू को साथ ले जाते हैं। वह कबाड़ी का काम करते हैं। पर आज कुछ खास बात है, चीनू को कुछ मिलने वाला है, पर क्या ? जानने के लिए सुनते हैं कहानी । चित्र पर क्लिक करें ।

आज की किताब

यादों की किताब

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | Room to Read

नीता के दादू ने उसे एक किताब दी, जिसकी कहानियाँ उसके बचपन का हिस्सा बन गईं। उनके साथ बिताए समय की यादें उसे बहुत प्यारी हैं। फिर दादू चले गए और कभी वापस नहीं आए। नीता बड़ी हो गई। बहुत सालों बाद, अचानक नीता को यह किताब फिर मिली। आगे क्या हुआ? आइए, कहानी पढ़ें और जानें। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

आज की गतिविधि

पाइप पम्प

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | Arvindguptatoys

बिजली पम्प, डीजल इंजन पम्प और स्प्रे पम्प तो आपने देखे ही होंगे । पानी सिंचाई के लिए इनका इस्तेमाल होता है। पानी खींचने का सिद्धांत सभी पम्पों में थोड़ा थोड़ा अलग होता है। इसे समझने के लिए आज हम एक हाथ पाइप पम्प बनाएंगे। एक पीवीसी पाइप का टुकड़ा, एक साइकिल का स्पोक और एक डिब्बी की मदद से इसे बनाने की विधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

टीचर्स कॉर्नर

विरोधों से निपटने की संस्कृति

शिक्षकों के लिए | Pathshala

किशोर अपनी समस्याओं को सुलझाने के लिए क्या कदम उठाते हैं और उस समस्या के सन्दर्भ में लोगों से कैसे बात करते हैं? किशोरों में समाजीकरण की प्रक्रिया के दौरान अंतर्विरोधों से निपटने का गुण कैसे विकसित होता है? किशोरों के जीवन में व्याप्त विरोधों से निपटने की समझ व उसके लिए तैयारी भी स्कूल के स्तर पर होनी चाहिए। आलेख पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

हमारा पुस्तकालय

स्कूल से जुड़े बच्चे

शिक्षकों के लिए | Sandarbh

स्कूल से जुडने के शुरुआती साल बहुत नाजुक होते हैं। वंचित तबकों के बच्चों के लिए यह और भी कठिन हो जाता है। उन्हें स्कूल से जोड़े रखने में एक खास संवेदनशीलता और प्रयास जरूरी हो जाता है। राजस्थान के अजमेर में कार्यरत सुभाष ने अपने आलेख में इन्हीं अनुभवों को लिखा है। पूरा आलेख पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? आपके सुझावों से अवगत कराने के लिए नीचे दी गई सुझाव पेटी पर क्लिक करें |

साथियों, हवामहल का 201वां अंक आपके साथ साझा किया जा रहा है । आशा है इसके पाठको की अपेक्षाओं पर यह खरा उतरेगा । अगले सप्ताह प्रसारित होने वाले अंक के लिए आप सभी से निवेदन है कि अपनी रचनाएँ बायीं और दी गई सूझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक कर भेजें । धन्यवाद ।

हवामहल के सभी अंको को प्राप्त करने के लिए QR कोड SCAN करें |

#सबपढ़े #सबबढे